(घ) पटरी की मरम्मत और यातायात को फिर से चालू करने के लिए अपेक्षित कार्य पूरे किये जा चुके हैं। भविष्य में बाढ़ से क्षति न हो, इसके लिए निवारक उपाय अभी जारी हैं।

(ङ) भारी वर्षा और बाढ़ के कारण यातायात अस्त-व्यस्त न हो, इसके लिए रेल-पथ को मजबूत बनाने, पुलों को फिर से बनाने, संदर्शी-बांध की व्यवस्था करने आदि उपाय किये जा रहे है। भविष्य में पटरी को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए जोधपुर-मेड़ता रोड खण्ड के संरेखण को ऊंचा किया जा रहा है।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

मरूधर एक्सप्रेस

1546. **श्री अशोक गहलोत** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने मरूधर एक्सप्रेस के लिए अतिरिक्त इंजन और सवारी डिब्बों हेतु कोई प्रबंध नहीं किया है;

(ख) क्या मरूधर एक्सप्रेस में पैंट्री कार और चेयर-कार की सुविधा उपलब्ध नहीं है;

(ग) क्या सरकार का विचार मरूधर एक्सप्रेस का जोधपुर-जयपुर से प्रस्थान समय आगे बढ़ाने और इन नगरों के बीच की दूरी तय करने के समय में कमी करने का है;

(घ) यदि हां, तो सरकार का मरूधर एक्सप्रेस की इन कमियों को कब दूर करने का इरादा है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) इस एक्सप्रेस गाड़ी की उपयोगिता की वर्तमान मात्रा को देखते हुए, इसमें पर्याप्त सवारी डिब्बे लगाये जा रहे हैं।

(ख) जी, हां।

(ग) से (ङ). 1-11-80 से 504 जोधपुर-जयपुर मरूधर एक्सप्रेस गाड़ी का चालन समय 15 मिनट कम कर दिया गया है। 503/504 मरूधर एक्सप्रेस गाड़ियों के चालन-समय में और कमी करना व्यावहारिक नहीं पाया गया है। पेन्ट्री और कुर्सी यानों की कमी के कारण, फिलहाल मरूधर एक्सप्रेस गाड़ी में पेन्ट्री और कुर्सी-यान लगाना व्यावहारिक नहीं है।

बाड़मेर जिले में पाकिस्तान को जाने वाला एक नया मार्ग खोलना

1547. **श्री अशोक गहलोत** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का बाड़मेर जिले के खाकेरपार-मो० से होते हुए पाकिस्तान को जाने के लिए एक नया मार्ग खोलने का विचार है;

(ख) क्या सरकार ने इस विषय में पाकिस्तान सरकार से बात-चीत की है; और

(ग) यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रगति की गई है ?

विदेश मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव): (क) से (ग): पाकिस्तान के विदेश मंत्री की 15 से 17 जुलाई, 1980 तक भारत यात्रा के दौरान उनके साथ जो औपचारिक बातचीत हुई थी उसमें भारत द्वारा खोखरापार-मुननाबो चौकी खोलने का प्रश्न उठाया गया था। पाकिस्तान की सरकार ने बताया है कि इस विषय पर वह विचार कर रही